बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी.आर॰ 32 / 2024

वार्षिक माध्यमिक (Matric) परीक्षा, 2024 के Appearing विद्यार्थियों के लिए सभी नौ प्रमण्डलीय मुख्यालय जिलों–पटना, मुजफ्फरपुर, छपरा, दरभंगा, सहरसा, पूर्णियां, भागलपुर, मुंगेर एवं गया में इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की प्रवेश परीक्षा (JEE/NEET) की तैयारी हेतु निःशुल्क गैर–आवासीय शिक्षण (Free Non-Residential Teaching) में नामांकन (Admission) के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 के Appearing विद्यार्थियों के लिए इंजीनियरिंग एवं मेडिकल (JEE/NEET) में प्रवेश हेतु सभी नौ प्रमण्डलीय मुख्यालय जिलों–पटना, मुजफ्फरपुर, छपरा, दरभंगा, सहरसा, पूर्णियां, भागलपुर, मुंगेर एवं गया में निःशुल्क गैर–आवासीय शिक्षण (Free Non-Residential Teaching) प्रदान किया जाना प्रस्तावित है।

2. इस निःशुल्क गैर–आवासीय शिक्षण (Free Non-Residential Teaching) कार्यक्रम के माध्यम से वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 के Appearing विद्यार्थियों को समिति द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार के आधार पर नामांकन का अवसर प्रदान किया जाएगा।

3. प्रत्येक प्रमण्डलीय मुख्यालय जिला के लिए छात्र एवं छात्राओं के लिए लगभग 100–100 सीट निर्धारित किए गए हैं। इस तरह प्रत्येक प्रमण्डल मुख्यालय जिले में वर्णित प्रक्रिया के अनुसार चयनित छात्र / छात्रा समिति द्वारा निर्धारित मेधा मापदंड के आधार पर नामांकन के पात्र होंगे। इसके अंतर्गत प्रत्येक प्रमण्डलीय मुख्यालय जिला में निःशुल्क गैर–आवासीय शिक्षण के लिए छात्रों के लिए लगभग 100 सीट (50 इंजीनियरिंग–JEE एवं 50 मेडिकल–NEET) तथा छात्राओं के लिए (50 इंजीनियरिंग–JEE एवं 50 मेडिकल–NEET) का प्रावधान किया गया है। इन सीटों की संख्या में समिति द्वारा कमी या वृद्धि की जा सकती है।

4. समिति द्वारा सफल विद्यार्थियों के निःशुल्क गैर–आवासीय शिक्षण (Free Non-Residential Teaching) कार्यक्रम में नामांकन के लिए आयोजित परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए ऑनलाईन आवेदन, परीक्षा एवं साक्षात्कार की व्यवस्था

(i) वर्णित निःशुल्क गैर–आवासीय शिक्षण कार्यक्रम (Free Non-Residential Teaching Program) के तहत नामांकन के लिए इच्छुक विद्यार्थी (वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 के Appearing विद्यार्थी) **समिति की वेबसाईट coaching.biharboardonline.com** पर **दिनांक 26.01.2024 से 08.02.2024 की रात्रि 12:00 बजे तक** ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं, जिसके लिए सौ (100) रूपये आवेदन शुल्क देय होगा।

(ii) इस निःशुल्क गैर–आवासीय शिक्षण (Free Non-Residential Teaching) में नामांकन के लिए वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 के Appearing विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

(iii) इस गैर–आवासीय शिक्षण (Free Non-Residential Teaching) में नामांकन के लिए विद्यार्थी अपनी सुविधानुसार पटना, मुजफ्फरपुर, छपरा, दरभंगा, सहरसा, पूर्णियां, भागलपुर, मुंगेर एवं गया जिलों में से किसी एक जिले या एक से अधिक जिले का विकल्प भर सकते हैं।

(iv) नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर छात्र / छात्रा चयन के पात्र होंगे।

5. निःशुल्क गैर–आवासीय शिक्षण कार्यक्रम (Free Non-Residential Teaching Program) के तहत पठन–पाठन, शिक्षण एवं अन्य अनुमान्य सुविधाएँ

(i) यह कार्यक्रम वर्ष 2024 के माह मार्च अथवा अप्रैल से प्रारंभ किया जाएगा।

(ii) निःशुल्क गैर–आवासीय शिक्षण कार्यक्रम के अनुरूप पठन–पाठन की व्यवस्था प्रत्येक प्रमण्डल जिला मुख्यालय में की जाएगी, जिसका विवरण निम्नवत् है :–

क्र.सं.	जिला	शिक्षण संस्थान का नाम एवं पता
1	पटना	राजकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय, लाल बहादुर शास्त्री नगर, पटना–800023
2	मुजफ्फरपुर	बी० बी० कॉलेजिएट, मोतीझील, मुजफ्फरपुर–842001
3	छपरा	विश्वेश्वर सेमिनरी उच्च माध्यमिक विद्यालय, म्यूनिसिपल चौक, श्री नंदन पथ, छपरा–841301
4	दरभंगा	जिला स्कूल (नाका नं० 06 के समीप), लहेरियासराय, दरभंगा–846003
5	सहरसा	जिला स्कूल, समाहरणालय रोड (सदर अस्पताल के पूरब), सहरसा–852201
6	पूर्णियाँ	जिला स्कूल, नियर भट्टा बाजार, पूर्णियाँ–854301
7	भागलपुर	जगलाल उच्च विद्यालय, कंपनीबाग, पोस्ट–भागलपुर सिटी, भागलपुर–812002
8	मुंगेर	जिला स्कूल, छोटी केलावाड़ी, मुंगेर–811201
9	गया	हरिदास सेमिनरी +2 स्कूल, सरकारी बस स्टैण्ड के समीप, थाना–सिविल लेन, पोस्ट–जी०पी०ओ०, गया–823001

(iii) शिक्षण के लिए चयनित विद्यार्थियों का नामांकन प्रमण्डलीय मुख्यालय के जिलों के निर्दिष्ट विद्यालयों में छात्र / छात्राओं के लिए अलग–अलग कराने की व्यवस्था की जाएगी तथा नामांकन शुल्क का वहन समिति द्वारा किया जाएगा।

(iv) चयनित छात्र / छात्राओं को समिति द्वारा प्रति माह 1,000 / – (एक हजार) रूपया छात्रवृत्ति के रूप में पठन–पाठन एवं अन्य संगत कार्यों के लिए उपलब्ध करायी जाएगी।

(v) चयनित विद्यार्थियों को JEE/NEET के शिक्षण (Teaching) के लिए निःशुल्क पाठ्य सामग्री (Free Study Material) उपलब्ध कराया जाएगा।

(vi) नामांकित विद्यार्थियों के लिए माह में पाक्षिक (Fortnightly) रूप से दो बार OMR Test या CBT (Computer Based Test) की व्यवस्था समिति द्वारा की जाएगी।

(vii) इस कार्यक्रम के तहत चयनित छात्र / छात्राओं को Specialized Teaching के अंतर्गत अनुभवी, कुशल एवं योग्य JEE/NEET कोचिंग के वैसे Expert Teachers, जिनकी देश के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों यथा– कोटा, हैदराबाद, दिल्ली, कोलकता या अन्य शहरों में इंजीनियरिंग (JEE) अथवा मेडिकल (NEET) के लिए विद्यार्थियों को पढ़ाने का अनुभव है, के द्वारा इस शिक्षण (Teaching) कार्यक्रम में विद्यार्थियों को JEE/NEET के पाठ्यक्रम से संबंधित विषयवार शिक्षण (Teaching) दिया जाएगा।

6. ऑनलाईन आवेदन करने की प्रक्रिया

समिति द्वारा निरूपित निःशुल्क गैर–आवासीय शिक्षण कार्यक्रम (Free Non-Residential Teaching Program) के तहत वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 के Appearing विद्यार्थी निम्नांकित प्रक्रिया के तहत ऑनलाईन आवेदन समर्पित कर सकते हैं :–

URL	coaching.biharboardonline.com
Step - 01	Home Page पर दिए गए लिंक Non-Residential Coaching for NEET/JEE Student Registration पर Click करें।
Step - 02	यहां पर दिए गए Instructions को ध्यानपूर्वक पढ़कर Accept करें।
Step - 03	Registration Panel पर दिए गए BSEB Unique ID अथवा Roll Code एवं Roll Number डालकर अपना Eligibility Check कर अपना Credential (User ID एवं Password) प्राप्त करें।
Step - 04	अपने Log In Credential प्राप्त कर Log In करें। फिर Form Fill-up करें।
Step - 05	अपने द्वारा भरे गए Form को Save और Preview करें।
Step - 06	Payment Button पर Click कर 100 रूपये भुगतान कर अपना भुगतान Reciept प्राप्त करें।

सचिव